नवभारत
भोपाल, शनिवार 18 जुलाई, 2026

17 की उम्र, 70 की बेलगाम रफ्तार

खास बातें

- एसपी बंगले के सामने दो स्कूली छात्रों की बाइक भिड़ी
- स्पीड कंट्रोल के बिना कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

विदिशा 17 जुलाई. शिक्षा के नये सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूली बच्चों ने आमद दे दी है. जहां छोटे बच्चे अपने अभिभावक या फिर स्कूल वाहन से आना जाना कर रहे हैं वहीं किशोर और युवा बाइक या मौपेड से स्कूल को आ जा रहे हैं.महज 17 साल की उम्र में वे 70 किलो प्रतिघंटा की रफ्तार से वाहन चलाते नजर आ जायेंगे. इनके वाहनों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि इनके आस पास से निकलने वाले लोग सहम जाते हैं. हालांकि पुलिस समय समय पर चालानी कार्यवाही करती है और अभिभावकों को भी समझाइश देती है फिर भी नतीजे सामने नहीं आ रहे हैं. हाल ही में कुछ सड़क हादसे सामने आये हैं जिसमें वाहन चलाते हुये स्कूली बच्चे हादसों के शिकार हुये हैं.

शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील सिविल लाइंस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का संचालन लोगों की चिंता का कारण बनता जा रहा है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहरी क्षेत्र होने के बावजूद निर्धारित गति सीमा का प्रभावी पालन नहीं कराया जा रहा है, जिससे हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

इस मार्ग पर जिला एवं सत्र न्यायालय, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के शासकीय आवास, सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान (सैटी), साकेत शिशु रंजन विद्यालय, ऑडिटोरियम, सर्किट हाउस सहित कई विभागीय कार्यालय स्थित हैं. प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिकों का आवागमन रहता है. इसके बावजूद वाहन तेज गति से गुजर रहे हैं.

एसपी बंगले के सामने दो बाइकों की भिड़ंत

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) बंगले के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई. दुर्घटना में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. जानकारी के अनुसार दोनों बाइकों पर स्कूली छात्र सवार थे. हालांकि बड़ा हादसा टल गया, लेकिन घटना के बाद एक बार फिर इस मार्ग की सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं.

पहले भी हो चुकी हैं कई दुर्घटनाएं

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. लगातार हो रही घटनाओं के कारण लोग अब इसे शहर का %एक्सीडेंट जोन% मानने लगे हैं. तेज रफ्तार, सड़क किनारे खड़े वाहन और यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रही है.नागरिकों ने दुर्गा नगर चौराहा, चिरंजीवी हॉस्पिटल तिराहा से लेकर पीतल चौराहा तक गति सीमा का सख्ती से पालन कराने की मांग की है. साथ ही स्पीड ब्रेकर एवं रंबल स्ट्रिप बनाने, चेतावनी संकेतक लगाने, स्पीड डिस्प्ले बोर्ड स्थापित करने और नियमित यातायात निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता बताई है.लोगों का कहना है कि न्यायालय परिसर, ओवरब्रिज और प्रमुख शासकीय कार्यालयों के आसपास अतिक्रमण, सड़क किनारे खड़े वाहन और बेलगाम रफ्तार दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ा रहे हैं. समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए तो इस महत्वपूर्ण मार्ग पर संभावित जनहानि को रोका जा सकता है.

तिरुपति गार्डन चोरी का 24 घंटे में खुलासा

- दो महिलाओं सहित तीन आरोपी गिरफ्तार
- 10 हजार रुपये के लोहे के एंगल बरामद

नवभारत न्यूज

विदिशा 17 जुलाई. कोतवाली पुलिस ने तिरुपति गार्डन में हुई चोरी की वारदात का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 हजार रुपये मूल्य के चोरी किए गए लोहे के एंगल बरामद किए हैं.

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को तिरुपति गार्डन के संचालक अंकित दुबे ने गार्डन परिसर से लोहे के एंगल, मोटर एवं केबल चोरी होने की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी. इस पर अपराध क्रमांक 446/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई.जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो महिलाएं चोरी का सामान कबाड़ की दुकान पर बेचने पहुंची हैं. पुलिस ने घेराबंदी कर शिवानी आदिवासी (27), फूलवती पारदी (35) एवं हमजा (18) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया.यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में की गई. कार्रवाई में एएसआई राम मनोहर सहित थाना कोतवाली के पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही.

एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई

नवभारत न्यूज

विदिशा. भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा आयोजित एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 5.0 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 21 जुलाई 2026 कर दी गई है. सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान (सैटी), विदिशा ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप और नवप्रवर्तकों से अधिक से अधिक आवेदन करने की अपील की है. जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मनोरिया ने बताया कि चयनित प्रत्येक नवाचार को 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता एवं इनक्यूबेशन सहयोग प्रदान किया जाएगा.

19 जुलाई को सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की आठवीं कड़ी आयोजित

नवभारत न्यूज

विदिशा. गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल, विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की आठवीं कड़ी 19 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे श्रीरामनगर स्थित मां हॉस्पिटल में आयोजित होगी. इस अवसर पर भारतीय दर्शन में चार्वाक का प्रभाव... कितना? ङ्क एक विश्लेषण विषय पर व्याख्यान होगा.

मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राचार्य आचार्य अखिलेश मालवीय होंगे, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ. परमानंद मिश्र प्रस्तुत करेंगे. आयोजकों के अनुसार व्याख्यानमाला का उद्देश्य गांधी विचारधारा के आलोक में विभिन्न दर्शनों और संप्रदायों पर विमर्श करना है. इससे पूर्व जैन दर्शन, सिख पंथ, उपनिषद, ईसाई धर्म, सूफीवाद, बौद्ध धर्म और कबीर जैसे विषयों पर व्याख्यान आयोजित हो चुके हैं. आयोजकों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है.

18 जुलाई को किसान कांग्रेस करेगी पुतला दहन

नवभारत न्यूज

विदिशा. मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर 18 जुलाई को विदिशा जिले के सभी विधानसभा एवं विकासखंड मुख्यालयों पर किसान कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जाएगा. प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा मूंग की शत-प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित कराने की मांग उठाना है.जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने आरोप लगाया कि ई-टोकन व्यवस्था के कारण हजारों किसान अपनी मूंग उपज बेचने से वंचित रह गए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रदेश के कृषि मंत्री के प्रतीकात्मक पुतले जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जाएगा. उन्होंने किसान कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है.

नीट यूजी-2026 में विजेंद्र सिंह अकादमी का दबदबा



- 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक किए हासिल
- दो छात्रों ने जीवविज्ञान में प्राप्त किए पूरे 360 अंक

नवभारत न्यूज

विदिशा . राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित नीट यूजी-2026 के परिणामों में विजेंद्र सिंह अकादमी प्रा. लि., विदिशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी सफलता का परचम लहराया है . संस्थान के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि कई विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय रैंक में उल्लेखनीय स्थान हासिल कर संस्थान एवं जिले का गौरव बढ़ाया है .इस वर्ष संस्थान के दो विद्यार्थियों ने जीवविज्ञान विषय में 360 में से पूरे 360 अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया .

सर्वज्ञ जैन 638 अंक, अखिल भारतीय रैंक 2458, ईडब्ल्यूएस रैंक 220,आशु किरार 618 अंक, अखिल भारतीय रैंक 5388, ओबीसी रैंक 2216,गौरव सिंह राजपूत 605 अंक, अखिल भारतीय रैंक 8482, सामान्य वर्ग रैंक 3591,अतिशय वर्मा 568 अंक, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) रैंक 11761,अविस्का जैन 525 अंक, ईडब्ल्यूएस रैंक 7594 .अंशिता बघेल 522 अंक, सामान्य वर्ग रैंक 21312 .गीतांश शर्मा 518 अंक, ईडब्ल्यूएस रैंक 8695,इनके अतिरिक्त भी संस्थान के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त कर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है .संस्थान के निदेशक विजेंद्र सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासित तैयारी और सही मार्गदर्शन का परिणाम होती है . उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है . संस्थान का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का चयन कराना नहीं, बल्कि उत्कृष्ट चिकित्सक एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है .

नीट-2026 में प्रसन्न सिंह अरेल्या ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 2751

नीट-2026 परीक्षा में जिले के प्रतिभाशाली छात्र प्रसन्न सिंह अरेल्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 2751 तथा कैटेगरी रैंक 75 प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है .प्रसन्न सिंह अरेल्या के पिता भैरों सिंह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी ऑफ इंडिया) में एचजीए के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता ममता शिल्पकार शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय, बैसनगर में प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं .नीट परीक्षा में शानदार सफलता मिलने पर परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है.सभी ने प्रसन्न सिंह अरेल्या को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगे .

दोस्त को ले गये थे अस्पताल, खुद की बिगड़ी तबियत, सायलेंस अटैक से पार्षद की मौत

नवभारत न्यूज विदिशा, नगर पालिका परिषद वार्ड 26 के पार्षद लीलाधर लोधी की लम्बे इलाज के बाद मौत हो गयी. बताया गया कि कुछ दिन पहले लीलाधर लोधी अपने किसी परिचित का चैकअप कराने के लिये भोपाल गये हुये थे. इसी दौरान सीढ़ी पर चढ़ते हुये उन्हें थकावट का अहसास हुआ जिसके बाद वहां मौजूद डॉक्टर ने उनकी ईसीजी की जिसमें कुछ गड़बडी दिखायी दीं. जिसके चलते उन्हें भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया. वहां से राहत मिलने के बाद वे विदिशा वापस आये और यहां के एक प्रायवेट अस्पताल में जांच करायी. जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुये भोपाल एम्स में भर्ती कराया गया.बताया गया कि फैफड़ों में इंफेक्शन भी था.वहीं शुक्रवार को एम्स में इलाज के दौरान उनको आये सायलेंस अटैक से उनकी मौत हो गयी.

मेडिकल कॉलेज के शिक्षक दो घंटे करेंगे कार्य बहिष्कार

पदोन्नति विसंगति दूर करने की मांग, 20 जुलाई को तय होगी आंदोलन की अगली रणनीति

नवभारत न्यूज

विदिशा 17 जुलाई,अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय (एबीवीजीएमसी) विदिशा के मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) ने पदोन्नति संबंधी विसंगतियों के विरोध में अपने क्रमबद्ध आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है. इस संबंध में एसोसिएशन ने अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन के अगले चरण की जानकारी दी है.

एसोसिएशन के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति-2025 में चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़ी पदोन्नति संबंधी विसंगतियों के कारण महाविद्यालय के चिकित्सा शिक्षकों की पदोन्नति लंबित है . संगठन का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी पत्राचार एवं मौखिक रूप से प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है .

इसी के विरोध में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है . संगठन ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ववत संचालित रहेंगी और मरीजों की आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी .एसोसिएशन ने यह भी बताया कि 20 जुलाई को पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी . यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे और तेज किया जा सकता है .मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से अधिष्ठाता से पदोन्नति संबंधी लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है . ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुक्त एवं संचालक चिकित्सा शिक्षा, अध्यक्ष स्वशासी समिति तथा कलेक्टर विदिशा को भी प्रेषित की गई है .

आयोजन | **प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्टेशन यात्रियों को समर्पित**

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित विदिशा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

नवभारत न्यूज

विदिशा. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित विदिशा रेलवे स्टेशन का शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया. आधुनिक यात्री सुविधाओं, दिव्यांगजन अनुकूल अधोसंरचना और आकर्षक वास्तुशिल्प से सुसज्जित स्टेशन अब यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा.

रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअल रूप से शामिल हुए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में रेलवे का तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है और मध्य प्रदेश के 13 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास प्रदेश के लिए गौरव की बात है.मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल ने कहा कि रेलवे अधोसंरचना में लगातार निवेश से देश की परिवहन व्यवस्था मजबूत हो रही है. विधायक मुकेश टंडन ने विदिशा को मिली इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्टेशन के आधुनिकीकरण से यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी.कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, रेलवे अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे. इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं.

विधायक मुकेश टंडन ने केंद्रीय मंत्री एवं डीआरएम को सौंपा मांग पत्र

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित विदिशा रेलवे स्टेशन के शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के नाम मांग पत्र सौंपकर विदिशा एवं गुलाबगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की .विधायक ने कहा कि प्रतिदिन हजारों यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है . ऐसे में यात्री सुविधाओं का विस्तार और आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने चाहिए .मांग पत्र में विदिशा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 एवं 3 पर शेड निर्माण, प्लेटफॉर्म 1, 2 एवं 3 पर शौचालयों की व्यवस्था, प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 पर बंद टिकट खिड़की को पुनः प्रारंभ करने, अतिरिक्त टिकट विंडो खोलने, स्टेशन के दोनों ओर पार्किंग क्षेत्र में शेड निर्माण, गुलाबगंज रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर एवं मूत्रालय की व्यवस्था तथा रेलवे भूमि से लगे क्षेत्र में नाली निर्माण की अनुमति प्रदान करने की मांग की गई है .इसके अलावा विधायक ने विदिशा रेलवे स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस, कर्नाटक एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस, गोवा एक्सप्रेस, मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस, तुलसी एक्सप्रेस, इंदौरङ्कपटना एक्सप्रेस, यशवंतपुर एक्सप्रेस, अहमदाबाद, सहरसा एक्सप्रेस तथा महाकाल एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग की है .वहीं गुलाबगंज रेलवे स्टेशन पर रीवांचल एक्सप्रेस (12185/12186) सहित प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग भी की गई है . विधायक ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी यात्रा अधिक सुविधाजनक हो सकेगी .